पाक्षिक

# खबर आस पास

RJHIN/26/A2554

संपादक :सत्येन्द्र राजवंशी

मो. 9587570001

Email : khabaraaspass@gmail.com

पृष्ठ : 4 मूल्य : 5.00 रुपये

बीकानेर : बुधवार 01 जुलाई 2026

वर्ष : 1 अंक : 5



## सीएम बोले-राहुल गांधी कहते हैं कि आलू से सोना बनाएंगे :मैंने कहा था

# हम यमुना का पानी लेकर आएंगे, तब हमारा किसान जरूर सोना पैदा करेगा



**जयपुर कासं।** सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी कहते हैं कि वो आलू से सोना बनाएंगे। लेकिन मैंने शेखावटी के लोगों से कहा था कि हम यह तो नहीं कर सकते हैं, लेकिन हम यमुना का पानी लेकर आएंगे। जिसके बाद हमारा किसान जरूर सोना पैदा करेगा।

दरअसल, यमुना जल समझौते के बाद सीएम भजनलाल शर्मा आज (मंगलवार) जयपुर लौटे हैं। सीएम भजनलाल शर्मा जयपुर एयरपोर्ट से ई-बस में सवार होकर रोड शो करते हुए बीजेपी मुख्यालय पहुंचे, जहां भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका शानदार स्वागत किया।

इससे पहले रास्ते में जवाहर सर्किल पर कार्यकर्ताओं ने मटकों से सीएम भजनलाल शर्मा का स्वागत किया। रास्ते में कार्यकर्ताओं की ओर से सीएम का जगह-जगह स्वागत किया गया। गांधी सर्किल और रामबाग सर्किल पर स्वागत मंच बनाए गए।

**राजस्थान को अगर पानी मिलेगा तो हमारा राजस्थान आगे बढ़ेगा**

जयपुर एयरपोर्ट पर सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि आज का दिन राजस्थान के लिए ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि जब राजस्थान में हमारी सरकार आई थी तो सबसे पहले हमने राजस्थान का रोडमेप बनाया कि राजस्थान में सबसे ज्यादा जरूरत किस चीज की है। सभी की मांग थी कि राजस्थान को अगर पानी मिलेगा तो हमारा राजस्थान आगे बढ़ेगा। हमारे किसान को पानी चाहिए, उद्योग को भी पानी चाहिए, पीने के लिए शुद्ध पानी जनता को चाहिए।

हमारी कई परियोजनाएं 40-50 साल से लंबित थी। ईआरसीपी, यमुना जल समझौता और देवास परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं पर हमने पिछले ढाई साल में काम किया है।

**कांग्रेस ने शेखावाटी के लोगों के साथ किया अन्याय**

सीएम ने कहा कि आज मैं कांग्रेस के लोगों के बयान देख रहा था। वे 5 दिन पहले कुछ और कह रहे थे। हमने कहा कि इसका जवाब हम तभी देंगे, जब हमारा यह समझौता हो जाएगा। लेकिन आज उनके सुर बदल गए हैं। शेखावाटी के लोग आज मेरे सामने बैठे हैं। कांग्रेस के लोगों ने शेखावाटी के साथ जितना अन्याय किया, उतना किसी ने नहीं किया। जब वोट का समय आता था तो यह शिलान्यास कर देते थे। यमुना के पानी के ख्वाब दिखाते थे। लेकिन इन्होंने आज तक इसे लेकर एक पत्र भी नहीं लिखा।

**कांग्रेस ने हमेशा परियोजनाओं को रोककर उन्हें अकटाने का किया काम**

जयपुर रवाना होने से पहले सीएम भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा परियोजनाओं को रोककर उन्हें अकटाने का काम किया हैं। उन्होंने केवल जनता को वोटों की खातिर लुभाने का काम किया हैं।

**कांग्रेस ने राजस्थान के लोगों के दर्द को कभी नहीं किया महसूस**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लंबे समय तक राजस्थान, हरियाणा और केन्द्र में कांग्रेस की सरकार थी, लेकिन कांग्रेस ने हमारे शेखावाटी और राजस्थान के लोगों के दर्द को कभी महसूस नहीं किया। उन्होंने इस दिशा में एक भी कदम आगे नहीं बढ़ाया।

**राठौड़ बोले- भजनलाल यमुना जी को राजस्थान की धरती पर लेकर आए**

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि पहला भागीरथ थे, जो गंगा को धरती पर लाए थे। आज दूसरे भागीरथ भजनलाल शर्मा साबित हुए हैं। जो यमुना जी को राजस्थान की धरती पर लेकर आए हैं। आज न केवल शेखावाटी बल्कि पूरा राजस्थान आप पर गर्व कर रहा है

साल 1992 से हम यमुना जल का इंतजार कर रहे हैं। 1994 में भैरो सिंह शेखावत ने भी बहुत प्रयास किया और उस समय जो समझौता हुआ, उसको लागू करने के लिए उन्होंने पैसा तक जमा कर दिया। लेकिन हरियाणा से राजस्थान में पानी लाने बहुत देरी हो गई।

## मदन राठौड़ बोले- हरियाणा से तीन पाइपलाइन से राजस्थान आएगा पानी

बीजेपी कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा से तीन पाइपलाइन से पानी राजस्थान आएगा। यह पाइप इतने बड़े होंगे कि एक पाइप में अशोक गहलोत, दूसरे में पाइप में डोटासरा और तीसरे पाइप में टीकाराम जूली ट्रक लेकर बैठ जाए तो ट्रक चलाते-चलाते राजस्थान पहुंच जाएंगे।

उन्होंने कहा कि सीएम भजनलाल शर्मा ने कई काम किए हैं। आप जब कभी भी दिल्ली जाते हैं तो कुछ ना कुछ राजस्थान के हितों के लिए लेकर आते हैं। यह आपके हाथ में जो यश रेखा है, उस यश रेखा का लाभ राजस्थान की जनता को मिल रहा है और आगे भी मिलेगा।

आपने विधानसभा में भी कहा था कि हम पानी पिलाएंगे। आपने कांग्रेस को तो पानी पिला ही दिया है, वहीं बाकि रही सही कसर हमको पूरी करनी है।

## राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली को उसके हिस्से का पानी मिलेगा

सीएम ने कहा कि कांग्रेस अपने शासनकाल की कोई भी बड़ी परियोजना बता दें, जिसे कांग्रेस ने शुरू किया हो। सीएम ने कांग्रेस के उस बयान पर भी पलटवार किया था, जिसमें कांग्रेस ने राजस्थान को कम पानी मिलने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि साल 1994 में हुए समझौते के अनुसार ही राजस्थान, हरियाणा और दिल्ली को उसके हिस्से का पानी मिलेगा।

## पीएम मोदी ने पानी के दर्द को समझा : सीएम

सीएम ने जयपुर आने से पहले दिल्ली में कहा कि मैं पीएम मोदी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने राजस्थान की इस पानी की पीड़ा को समझा। उन्होंने कहा कि यह सब केवल आज ही नहीं, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने नर्मदा के पानी को टेल तक पहुंचाने का काम किया था।

उस समय राजस्थान की ओर से पानी की कोई डिमांड नहीं थी लेकिन उन्होंने देखा कि नर्मदा का पानी बोर्डर तक जा रहा है तो बाड़मेर और जालौर को बिना मांगे नर्मदा का पानी देने का काम किया। उन्होंने राजस्थान की पानी की स्थिति को देखते हुए आगे से पानी देने का काम किया। उसके बाद हमारे पूर्व मुख्यमंत्री भैरों सिंह शेखावत उन्हें धन्यवाद देने अहमदाबाद गए थे।

सीएम ने कहा कि आज पीएम मोदी के नेतृत्व में ईआरसीपी का समझौता होकर काम भी शुरू हो गया हैं और सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी की मौजूदगी में यमुना जल समझौते का ऐतिहासिक निर्णय हुआ हैं।

# अलवर में बारिश, 26 जिलों में आंधी-बरसात का अलर्ट




**जयपुर कासं।** राजस्थान में भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। श्रीगंगानगर 45.1 डिग्री तापमान के साथ सोमवार को देश का सबसे गर्म जिला रहा। वहीं, जोधपुर, बीकानेर में भी इन दिनों मई जैसी गर्मी महसूस हो रही है। वहीं, मंगलवार दोपहर अलवर में बारिश हुई। मौसम विभाग ने 26 जिलों में आंधी और बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम एक्सपर्ट के अनुसार राज्य में इस सप्ताह के अंत तक मानसून की एंट्री हो सकती है। कोटा, बारां के एरिया से मानसून के राजस्थान में प्रवेश करने की संभावना है। कुछ एरिया में बारिश से राहतः पिछले 24 घंटों में झालावाड़ के अकलेरा में 6 मिमी, खानपुर में 12 मिमी, पिड़ावा में 3 मिमी, भरतपुर के नगर में 11 मिमी और अलवर के कठूमर में 9 मिमी बारिश दर्ज की गई। इन जिलों के अलावा दौसा और डूंगरपुर के इलाकों में भी हल्की बूंदाबांदी हुई।

# राम मंदिर चोरी : अयोध्या पहुंचे यूपी कांग्रेस अध्यक्ष नजरबंद

**अयोध्या एजेन्सी।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी को लेकर सियासत तेज हो गई। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को पुलिस ने सोमवार देर रात 11.30 बजे अयोध्या के एक होटल में नजरबंद कर दिया। थोड़ी देर बाद उन्हें कृषि विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस ले गई। कांग्रेस सांसद किशोरी लाल शर्मा, तनुज पूनिया और उज्जवल रमण सिंह को हाउस अरेस्ट किया गया है। अजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस डेलिगेशन चढ़ावा चोरी का विरोध करने पहुंचा था। उन्होंने आज यानी मंगलवार को ट्रस्ट कार्यालय के घेराव का ऐलान किया था।

इस बीच, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दोपहर 12.30 बजे राम जन्मभूमि मंदिर कूच किया। पुलिस ने मंदिर से एक किलोमीटर पहले टेढ़ी बाजार में उन्हें रोक दिया। इससे कार्यकर्ता भड़क गए। धक्का-मुक्की करने लगे। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हें हिरासत में लिया। घसीट-घसीटकर गाड़ी में भरा।

इससे पहले, अजय राय की पत्नी रीना राय ने वाराणसी से एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा-

मेरे पति की आवाज दबाने के लिए भाजपा सरकार किसी भी हद तक गिर सकती है। पुलिस जीप में ले जाने के बाद हमारे सहयोगियों को गलत जानकारियां देकर भटकाया जा रहा है। 'चढ़ावा चोरों' के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। अगर मेरे पति को कुछ भी होता है, तो जिम्मेदारी अधर्मी भाजपा सरकार की होगी।

### कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया हाउस अरेस्ट, अयोध्या जाने से रोके गए

बाराबंकी से कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया को अयोध्या जाने से पहले पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। इसके बाद उन्होंने प्रदेश सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पुनिया ने कहा कि कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल अयोध्या में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ाए जाने वाले चढ़ावे की व्यवस्था और उसके प्रबंधन का निरीक्षण करने जा रहा था। इस कार्रवाई से स्पष्ट है कि सरकार किसी न किसी तथ्य को छिपाने या दबाने का प्रयास कर रही है। संविधान प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों की मांग करने और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने का अधिकार देता है, लेकिन सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने की कोशिश कर रही है।

# जागते रहो राजस्थान में हर दिन साइबर ठगी की छह हजार शिकायतें, 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी रोज

**जयपुर (खबर आस पास):** इंटरनेट के मायाजाल के जरिए लोगों के बीच दूरियां कम हुई हैं और जो काम कई घंटों या दिनों में होते थे, वो काम आज पालक झपकते ही हो रहे हैं. जितनी लोगों की निर्भरता इंटरनेट और तकनीक पर बढ़ी हैं. उतनी ही परेशानी भी बढ़ रही है. साइबर अपराधी इसका फायदा उठा रहे हैं और लोगों की मेहनत की कमाई पर हाथ साफ कर रहे हैं. देश और दुनिया के बाकि हिस्सों की तरह ही राजस्थान में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ रहे हैं. अमूमन राजस्थान में हर दिन साइबर धोखाधड़ी की छह हजार से ज्यादा शिकायतें पुलिस के पास पहुंच रही हैं. इनमें करीब दो करोड़ रुपए की ठगी रोज हो रही है. लगातार बढ़ते साइबर अपराध के आंकड़ों को काबू करने के लिए प्रदेश की पुलिस ने भी कमर कस ली है.

**समय पर शिकायत तो रिकवरी के चांस ज्यादा:**

राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा के डीआईजी शांतनु कुमार सिंह का कहना है कि अगर आपके साथ साइबर ठगी हो जाए तो समय रहते एक कॉल आपकी मेहनत की कमाई बचा सकता है. राजस्थान पुलिस का दावा है की साइबर फ्रॉड का शिकार होने पर हेल्पलाइन 1930 सबसे बड़ा हथियार है. गोल्डन ऑवर्स में शिकायत दर्ज हो जाए तो आपकी रकम आपके खाते में वापस आ सकती है. साइबर ठगी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए पुलिस अब कॉल लाइनो की संख्या में भी बढ़ोतरी कर रही है. पुलिस का कहना है कि समय पर साइबर ठगी की सूचना हो तो रिकवरी शत प्रतिशत होगी.

**शिकायत के बाद होल्ड करवाते हैं रकम:**

उन्होंने आगे कहा, आपके या आपके परिचित के साथ किसी भी तरह की साइबर ठगी की वारदात हो तो घबराने की जरूरत नहीं. ऐसे समय पर तुरंत एक्शन लेना जरूरी है. साइबर फ्रॉड होने पर बिना देरी किए 1930 हेल्पलाइन पर कॉल करनी चाहिए. शिकायत दर्ज होते ही [illegible] आधारित सिस्टम के जरिए संबंधित बैंकों को अलर्ट भेजा जाता है और जिस खाते में रकम पहुंची है, वहां ट्रांजैक्शन को होल्ड करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है. अगर पैसा दूसरे खाते में ट्रांसफर हो चुका हो तो वहां भी तत्काल सूचना भेजी जाती है.

**ठगी के बाद 20 मिनट से एक घंटा गोल्डन ऑवर्स:**

डीआईजी सिंह ने बताया की साइबर ठगी के मामले में भी 'गोल्डन ऑवर्स' होते हैं. घटना के 20 मिनट से एक घंटे के भीतर शिकायत दर्ज होने पर रकम बचने की संभावना सबसे ज्यादा रहती है. इसके बाद पुलिस संबंधित बैंक खातों, मोबाइल नंबरों और इस्तेमाल किए गए डिजिटल प्लेटफॉर्म की जांच कर साइबर अपराधियों तक पहुंचती है. पहले हेल्पलाइन 1930 की 32 कॉल लाइन थी. अब इनकी संख्या बढ़ाकर 60 की जा रही है. इसका मकसद यह है कि कोई भी शिकायत या कॉल छूट नहीं जाए. फिलहाल, पुलिस मुख्यालय, जयपुर कमिश्नरेट और चार रेंज मुख्यालयों पर कॉल टेकर्स और डिस्पैचर तैनात हैं.

**ठगी की 26 फीसदी रकम रिफंड करवाई:**

उन्होंने बताया, जांच के बाद रकम होल्ड करवाई जाती है. अब तक करीब 26 प्रतिशत राशि पीड़ितों को वापस दिलाने में सफलता मिली है. इसके लिए मनी रिस्टोरेशन मॉड्यूल के जरिए बैंकिंग प्रक्रिया पूरी कर रकम वापस कराई जाती है. राजस्थान में फिलहाल 46 साइबर पुलिस स्टेशन संचालित हैं, जिन्हें जल्द बढ़ाकर 49 किया जाएगा. वहीं, 5 लाख रुपए से अधिक के डिजिटल अरेस्ट और इन्वेस्टमेंट स्कैम जैसे मामलों में स्वत एफआईआर दर्ज की जाती है. साइबर अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन म्यूलहंटर, साइबर कवच, एंटी वायरस और वज्र प्रहार जैसे विशेष अभियान भी लगातार चलाए जा रहे हैं.

## खाद की कमी पर विधायक सुशीला डूडी ने उठाई आवाज

### कृषि आयुक्त को लिखा पत्र!

**बीकानेर (खबर आस पास)।** नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने प्रदेश में किसानों को समय पर यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरक उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा उठाते हुए कृषि आयुक्त, कृषि विभाग राजस्थान सरकार और जिला प्रशासन बीकानेर को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि ग्राम सेवा सहकारी समितियों में फंड की कमी व अन्य कारणों से खाद की समय पर आपूर्ति नहीं हो रही, जिससे किसानों की फसल उत्पादन क्षमता प्रभावित हो रही है और उनमें भारी रोष है। विधायक लालने मांग की कि बीकानेर सहित पूरे प्रदेश में किसानों को समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता वाली खाद उपलब्ध कराने के लिए अधिकृत ग्राम सेवा सहकारी समितियों के साथ एग्री क्लिनिक सहकारी समितियों, एफपीओ, इंडियन फार्म फॉरेस्ट्री कोऑपरेटिव लिमिटेड तथा इफको बाजार लिमिटेड की अधिकृत फ्रेंचाइजियों के माध्यम से भी इफको खाद की आपूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए जाएं।

## ग्रामीण सेवा शिविर-2026: बुधवार को विभिन्न स्थानों पर होगा शिविरों का आयोजन

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** ग्रामीण सेवा शिविर-2026 के तहत बुधवार को विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त जिला कलेक्टर (प्रशासन) श्री उम्मेद सिंह रतनू ने बताया कि 1 जुलाई को बीकानेर के मालासर और मोलानिया, लूणकरणसर के भाडेरां और उदाणा, श्रीडूंगरगढ़ के ऊपनी और कल्याणसर नया, कोलायत-हदां के टोकला और नोखड़ा, बज्जू के सेवड़ा, पूगल के कुम्हारवाला, छत्तरगढ़ के खारवाली, खाजूवाला के 22 केवाईडी तथा नोखा के रासीसर पुरोहितान, रातड़िया, अणखीसर और बिलनियासर में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## विधायक ताराचंद सारस्वत के प्रयासों को मिली बड़ी सफलता

**बीकानेर (खबर आस पास)।** एनएच-11 फोरलेन परियोजना को प्रशासनिक गति, श्रीडूंगरगढ़ होकर गुजरने वाले बीकानेर-रतनगढ़ एनएच-11 फोरलेन की मांग को मिली महत्वपूर्ण प्रशासनिक प्रगति, विधायक ताराचंद सारस्वत की लगातार पैरवी का दिखा असर, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से लगातार उठा रहे हैं मांग, बीकानेर-रतनगढ़ फोरलेन के लिए डीपीआर केंद्र सरकार को भेजी जा चुकी, सीकर बाईपास से लक्ष्मणगढ़ होते हुए रतनगढ़ तक फोरलेन प्रस्ताव 2025-26 की वार्षिक कार्ययोजना में शामिल, बीकानेर-रतनगढ़ फोरलेन को लेकर अब केंद्र सरकार की अंतिम स्वीकृति का इंतजार, विधायक सारस्वत बोले-फोरलेन बनने से व्यापार, पर्यटन और आवागमन को मिलेगी नई रफ्तार, सड़क दुर्घटनाओं में आएगी कमी, क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग जल्द पूरी होने की जताई उम्मीद

# राजस्थान समान नागरिक संहिता प्रारूप समिति सदस्य डॉ. शुचि चौहान करेंगी संभाग स्तरीय जनसुनवाई

### बीकानेर विकास प्राधिकरण सभागार में होगी जनसुनवाई, जिलावार कार्यक्रम निर्धारित

**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** राजस्थान समान नागरिक संहिता-2026 (यूसीसी) के प्रारूप समिति की सदस्य डॉ. शुचि चौहान बीकानेर संभाग मुख्यालय के दो दिवसीय दौरे पर आएंगी तथा जिला वार जनसुनवाई करेंगी। संभागीय आयुक्त विश्राम मीना ने बताया कि डॉ. चौहान 2 जुलाई को प्रातः 10.30 से दोपहर 12.30 बजे तक बीकानेर विकास प्राधिकरण सभागार में बीकानेर संभाग स्तर की जनसुनवाई करेंगी। इस दौरान जिले के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक, समस्त धर्मों के प्रतिनिधि, सामाजिक विज्ञान एवं विधि पृष्ठभूमि वाले शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि तथा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। वहीं संभाग के अन्य जिलों के सहभागी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़ेंगे।

इसके बाद दोपहर 2 से 3.30 बजे तक बीकानेर तथा दोपहर 3.30 से सायं 5.30 बजे तक श्रीगंगानगर जिले की जनसुनवाई होगी। श्रीगंगानगर की जनसुनवाई वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से होगी। इसी श्रृंखला में 3 जुलाई को प्रातः 10 से प्रातः 11.15 बजे तक हनुमागनढ़ तथा दोपहर 11.15 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक चूरू जिले की जनसुनवाई भी वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से होगी।

जिला कलक्टर निशान्त जैन ने दो दिवसीय कार्यक्रम के मद्देनजर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। जनसुनवाई के दौरान आमजन अपनी अभ्यर्थना प्रस्तुत कर सकेंगे। जो व्यक्ति जनसुनवाई में उपस्थित नहीं हो सकते हैं, वे संबंधित उपखण्ड अधिकारी कार्यालय में 10 जुलाई तक अपनी अभ्यर्थना दे सकेंगे। सभी दस्तावेजों का संधारण करते हुए राजस्थान समान नागरिक संहिता-2026 की प्रारूप समिति को उपलब्ध करवाया जाएगा।

## रोटरी क्लब नसीराबाद द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

(खबर आस पास)

**नसीराबाद (अशोक लोढ़ा)।** रोटरी क्लब नसीराबाद द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत जिला चिकित्सालय, नसीराबाद में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर और निःशुल्क फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया जा रहा है। रोटरी क्लब नसीराबाद की नई टीम ने अपना सेवा कार्य करना शुरू कर दिया नव निर्वाचित अध्यक्ष विनायक गौड और नए सचिव मुकेश मित्तल बने हैं।

रोटरी क्लब नसीराबाद के अध्यक्ष डॉ. विनायक गोड ने बताया कि कल 1 जुलाई 2026 को उप जिला चिकित्सालय, नसीराबाद में प्रातः 07:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा । रक्तदान महादान है तथा एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों का जीवन बचा सकता है। उन्होंने सभी स्वस्थ नागरिकों, युवाओं, सामाजिक संगठनों एवं संस्थाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है तथा समय-समय पर रक्तदान करने से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर मिलता है। शिविर में जिला चिकित्सालय की ब्लड बैंक टीम द्वारा रक्त संग्रह किया जाएगा तथा सभी रक्तदाताओं का सम्मान भी किया जाएगा।

रोटरी क्लब नसीराबाद सभी नागरिकों से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करें तथा किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाने में अपना अमूल्य योगदान दें। रक्तदान शिविर के साथ ही निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप का आयोजन भी किया जा रहा है।

# जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने केंद्रीय कारागृह का किया औचक निरीक्षण




**बीकानेर श्रेयांस बैद (खबर आस पास)।** जिला कलक्टर निशान्त जैन एवं पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा ने मंगलवार को केंद्रीय कारागृह का औचक निरीक्षण किया तथा यहां की सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मुख्य प्रवेश द्वार की सुरक्षा व्यवस्था तथा यहां स्थापित सुरक्षा उपकरणों का अवलोकन किया। इसके बाद जेल डिस्पेंसरी का निरीक्षण कर भर्ती बंदियों के उपचार संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा की। डिस्पेंसरी में उपलब्ध एक्स-रे कक्ष, प्रयोगशाला (लेबोरेट्री), डेंटल कक्ष, डीडीसी कक्ष सहित विभिन्न चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने वार्ड का निरीक्षण किया। यहां सिविल कारावास, लाचार, वृद्ध, सामान्य सजा तथा मानसिक रोगी बंदियों को रखा गया है। निरीक्षण के दौरान बंदियों से संवाद कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली।

उन्होंने बंदियों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखा। यह निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई।

इस दौरान जेल अधीक्षक डॉ. अभिषेक शर्मा, कारापाल सूरज सोनी तथा उप कारापाल देवांक शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कोडमदेसर में कर्नल मानवेंद्र सिंह जसोल ने किया विशेष भैरव पूजन, बोले—रिफाइनरी से आत्मनिर्भर भारत को मिलेगा बल

**पहली बार कोडमदेसर पहुंचे कर्नल मानवेंद्र सिंह जसोल, ज्योतिषाचार्य अनिल पुरोहित के सानिध्य में किया विशेष भैरव पूजन**

(खबर आस पास)

**बीकानेर श्रेयांस बैद।** पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कर्नल मानवेंद्र सिंह जसोल मंगलवार को पहली बार बीकानेर के ऐतिहासिक कोडमदेसर भैरव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने ज्योतिषाचार्य अनिल पुरोहित के सानिध्य में विधि-विधान से विशेष भैरव पूजन एवं वैदिक अनुष्ठान किया। अनुष्ठान 11 पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। ज्योतिषाचार्य अनिल पुरोहित के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुए इस विशेष पूजन में कर्नल जसोल ने प्रदेश में सुख-शांति, उत्तम वर्षा, किसानों की समृद्धि तथा राजस्थान के सर्वांगीण विकास की कामना की। पूजन के दौरान मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु,



समर्थक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कर्नल जसोल के पहली बार कोडमदेसर आगमन को लेकर समर्थकों में विशेष उत्साह दिखाई दिया।

पूजन के बाद मीडिया से बातचीत में कर्नल मानवेंद्र सिंह जसोल ने कहा कि 4 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पचपदरा रिफाइनरी का उद्घाटन करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परियोजना आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। इससे प्रदेश में सीएनजी की उपलब्धता बढ़ेगी, औद्योगिक विकास को गति मिलेगी तथा रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

सीमावर्ती क्षेत्रों को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री के सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे और राज्य सरकार द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का आपस में कोई संबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा संबंधित लोगों को कई माह पहले ही नोटिस जारी किए जा चुके थे। सीमा क्षेत्र के लोग वर्षों से आपसी सद्भाव और भाईचारे के साथ रहते आए हैं तथा वहां सामाजिक सौहार्द का वातावरण कायम है। अपने सांसद एवं जनप्रतिनिधि के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कर्नल जसोल ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अनेक ऐसे परिवार थे जिनके रिश्तेदार पाकिस्तान में रहते थे और भारत आकर बसना चाहते थे। उन्होंने बताया कि अपने कार्यकाल में ऐसे लोगों को प्राथमिकता के आधार पर भारतीय नागरिकता दिलाने और उन्हें सम्मानपूर्वक बसाने के प्रयास किए गए।

## राशन कार्ड में जन्म और मृत्यु के आधार पर नाम अब स्वतः जुड़ेंगे और हटेंगे

**श्रीगंगानगर (खबर आस पास)।** राज्य सरकार की पहल पर खाद्य विभाग ने स्मार्ट प्रोजेक्ट के तहत राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं हटाने की स्वचालित व्यवस्था लागू की है। अब जन्म या मृत्यु प्रमाण-पत्र जारी होते ही संबंधित सदस्य का नाम राशन कार्ड में बिना किसी आवेदन के स्वतः जुड़ जाएगा या हट जाएगा। रसद विभाग के अनुसार नई व्यवस्था के तहत 'पहचान' बर्थ एन्ड डेथ रजिस्ट्रेशन पोर्टल से प्राप्त डेटा स्मार्ट सिस्टम के माध्यम से खाद्य विभाग के राशन कार्ड डेटाबेस से सीधे जुड़ जाएगा। नवजात शिशु का नाम माता-पिता के विवरण के आधार पर स्वतः राशन कार्ड में दर्ज होगा। यदि जन्म के समय नाम दर्ज नहीं है, तो प्रारंभिक रूप से 'बेबी ऑफ मदर नेम' अंकित होगा, जिसे बाद में स्वतः अपडेट कर दिया जाएगा। रसद विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह पूरी प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और पारदर्शी है। इसके लिए किसी प्रकार के आवेदन, दस्तावेज या शुल्क की आवश्यकता नहीं होगी। यदि कोई उचित मूल्य दुकानदार इस प्रक्रिया के नाम पर अनावश्यक दस्तावेज या शुल्क मांगता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## लड़कीयों को टक्कर मारकर बनाता था वीडियो, फिर बोलता था 'सॉरी दीदी '.. दिल्ली में यूट्यूबर 'रोड़ सेफ्टी वाला' गिरफ्तार

### यूट्यूबर गुरमान सिंह गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर 'रोड़ सेफ्टी वाला' नाम से चैनल चलाने वाले यूट्यूबर गुरमान सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि वह महिलाओं व नाबालिग लड़कियों को निशाना बनाकर उनकी स्कूटी बाईक को जानबूझकर टक्कर मारता था और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डालता था। उसके अकाउंट से पुलिस को ऐसे कई सारे वीडियो मिलें हैं, जिनके आधार पर पुलिस ने यूट्यूबर के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार 2 जून को पुलिस को एक शिकायत मिली, शिकायतकर्ता ने बताया कि दो अज्ञात लोगों ने उनकी नाबालिग बेटी की स्कूटी को पीछे से टक्कर मारी, इसके बाद आरोपियों ने लड़की का पीछा किया और अभद्र टिप्पणीयां व गालीयां दी। कुछ दिनों बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि उनकी बेटी का वीडियो यूट्यूब और फेसबुक पर अपलोड कर दिया गया है। उसके बाद दिल्ली पुलिस ने कार्रवाई की।

# राजस्थानी भाषा हमारी संस्कृति की आत्मा है जिसे महिलाओं ने हमेशा अंवेरा है : राजवीर सिंह चळकोई




**जयपुर (खबर आस पास)।** राजस्थानी लेखिका संस्थान (रालेस) द्वारा आयोजित 'सालीणो-उछब' शनिवार को प्रौढ़ शिक्षण समिति, झालाना, जयपुर में साहित्य, संस्कृति और सृजन के उत्सव के रूप में गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम संयोजक व संस्था सचिव वरिष्ठ साहित्यकार मोनिका गौड़ ने बताया कि दिनभर चले इस भव्य आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए साहित्यकारों, युवा रचनाकारों एवं साहित्यप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सम्मान समारोह के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र में बीज भाषण देते हुए लोकप्रिय यू ट्यूबर व राजस्थानी मान्यता के लिए युवा आवाज़ राजवीर सिंह चळकोई ने मायड़ भाषा की मान्यता व साहित्य की सामाजिक भूमिका पर प्रकाश डाला तथा युवा वर्ग को जोड़ने पर बल दिया। राजस्थानी भाषा हमारी सभ्यता की आत्मा है इसे मान्यता मिलनी ही चाहिए.

अध्यक्षीय उदबोधन में वरिष्ठ साहित्यकार एवं गीतकार सत्यदेव संवितेन्द्र ने कहा कि राजस्थानी भाषा रहेगी तो राजस्थान की सभ्यता ,संस्कृति बचेगी. विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश कुमार जांगिड़ 'सारंग' (आईआरएस) ने की संस्थान की अध्यक्ष डॉ. शारदा कृष्ण ने स्वागत उद्बोधन में संस्था का परिचय दिया।

राजस्थानी लेखीका मोनिका गौड़ ने बताया कि द्वितीय सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा की अध्यक्षता में पुस्तक 'घर कीं कैवणों चावै' (लेखकः डॉ. शारदा कृष्ण) तथा 'रेत नै बणा आरसी' (लेखकः जीनस कंवर) का लोकार्पण एवं परिचर्चा आयोजित हुई। इस सत्र में मनीषा आर्य सोनी विशिष्ट अतिथि रहीं। पुस्तकों पर सुनीता बिश्नोलिया एवं डॉ. दर्शना कंवर 'उत्कर्ष' ने समीक्षात्मक वक्तव्य प्रस्तुत किए।

**संचालन भगवती पारीक मनु ने कोय**

इसके पश्चात आयोजित 'राजस्थानी युवा कविताई रा सुर' सत्र में प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आए युवा हस्ताक्षरों–अक्षिता (बीकानेर), अनीता सैनी (सीकर), अवंतिका (ब्यावर), जेठानंद पंवार (बाड़मेर), कपिला पालीवाल (जयपुर), गजराज कंवर (नागौर), मीनाक्षी पारीक सपना वर्मा (रिंगस) तथा कृष् गौड़, विप्लव व्यास (जयपुर) ने अपनी प्रभावशाली रचनाओं का पाठ किया। संचालन कामना राजावत ने किया।

समापन सत्र की वरिष्ठ साहित्यकार मांन् कंवर मैना, डॉ गोरिशंक निमीवाल तथा हस्तीमल आर्य हस्ती रहे। वक्ताओं ने राजस्थानी भाषा के संरक्षण, महिला लेखन की सशक्त उपस्थिति और नई पीढ़ी को साहित्य से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रमोद शर्मा सतीश शर्मा अंशु व्यास, पवन, गंगाबिशन बिश्नोई,गौरीशंकर निमीवाल लोकेश कुमार साहिल आदि गणमान्य सुधिजन उपस्थित रहे।

## आज से पेट्रोल–डीजल पर लगी सभी पाबंदियां खत्म

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने 1 जुलाई से पेट्रोल और डीजल की खरीद पर लागू सभी आपातकालीन पाबंदियां हटाने का फैसला किया है। अब आम उपभोक्ताओं के लिए एक वाहन में प्रतिदिन 200 लीटर डीजल भरवाने की सीमा समाप्त हो जाएगी, जबकि औद्योगिक और व्यावसायिक ग्राहक भी रीटेल पेट्रोल पंपों से सामान्य रूप से ईंधन खरीद सकेंगे। यह प्रतिबंध 11 जून को वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव के कारण कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने और संभावित ईंधन संकट को देखते हुए लगाए गए थे। सरकार ने ब्लैक मार्केटिंग, जमाखोरी और डीजल के गलत उपयोग पर रोक लगाने के उद्देश्य से यह कदम उठाया था। अब आपूर्ति व्यवस्था सामान्य होने और ईंधन उपलब्धता में सुधार के बाद 29 जून को जारी आदेश के तहत सभी प्रतिबंध वापस ले लिए गए हैं। इससे आम उपभोक्ताओं, परिवहन क्षेत्र और उद्योगों को राहत मिलेगी तथा ईंधन की खरीद-बिक्री पहले की तरह सामान्य हो सकेगी।

# पुष्करणा यंगस्टर्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाली तीसरी टीम, खिताबी जंग कल

**बीकानेर (खबर आस पास)।** स्व घनश्याम बिस्सा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से बॉक्स क्रिकेट चैम्पियनशिप के तीसरे दिन किशन गार्डन में पांच मैच खेले गए। आयोजक हर्षित बिस्सा ने बताया कि मैच के दौरान बतौर अतिथि पधारे अखिल भारतीय विश्नोई महासभा के विशेष आमंत्रित सदस्य रमेश्वर विश्नोई ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों का परिचय लेते हुए मैन ऑफ द मैच सदस्यों को पुरस्कृत भी किया आयोजक बिस्सा ने पहला मैच टीम ऑक्टेन 1 व द एलाइट 8 के बीच खेला गया। जिसमें टीम ऑक्टेन ने 4 विकेट से जीत कर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की,मैन ऑफ़ द मैच गौरी शंकर प्रजापत रहे। बेस्ट बैट्समैन एलाइट 8 के हर्षित रहे,जिन्होंने



17 गेंदों में 40 रन की पारी खेली। दूसरा मैच दूसरा मैच तहलका 8 और जेएमडी के मध्य खेला गया। इस मैच को तहलका 8 की शानदार गेदबाजी की बदौलत 32 रन से जीता। मैन ऑफ़ द मैच व बेस्ट बैट्समैन शोभित आचार्य रहे। तीसरा मैच में फाइटर 11 को बनिया सुपर 8 ने सात विकेट से मात दी। इस मैच में मैन ऑफ़ द मैच का खिताब नितिन शर्मा को दिया गया। जबकि बेस्ट बैट्समैन दीपक अग्रवाल रहे। चौथा मैच खासा रोमाचक रहा। इस मैच में पुष्करणा यंगस्टर्स ने पुष्करणा एकेडमी को 6 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई। मैन ऑफ़ द मैच पवन व्यास,बेस्ट बैट्समैन हैप्पी मारू रहे। पांचवा मैच और आखिरी मुकाबला नोट आउट व पार्टी पवेलियन के बीच खेला गया। जिसमे नोट आउट ने पहले बल्लेबाजी करते हुए टूर्नामेंट का सबसे विशाल स्कोर खड़ा कर 8 ओवर में 117 रन का लक्ष्य दिया। पार्टी पवेलियन इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी और नोट आउट ने 73 रन से ये मैच अपने नाम किया। मैन ऑफ़ द मैच मुरली पुरोहित तथा बेस्ट बल्लेबाज केशव रंगा रहे। आयोजक बिस्सा ने बताया कि बुधवार को फाइनल मुकाबला खेला जाएगा। इससे पहले पत्रकारों के बीच एक सद्भावना मैच भी रखा गया है।

# राजस्थान फुटबॉल एक्सीलेंस अवॉर्ड 2025-26: बीकानेर को मिला सर्वश्रेष्ठ जिला फुटबॉल संघ का खिताब



**बीकानेर (खबर आस पास)।** राजस्थान फुटबॉल संघ का द्वितीय वार्षिक समारोह एवं फुटबॉल एक्सीलेंस अवॉर्ड सेरेमनी 2025-26 वेटरनरी ऑडिटोरियम में गरिमामय वातावरण में आयोजित हुई। समारोह में वर्षभर राजस्थान फुटबॉल के विकास में उत्कृष्ट योगदान देने वाले खिलाड़ियों, कोच, रेफरी, क्लबों, जिला फुटबॉल संघों एवं खेल प्रशासकों को सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि पंजाब फुटबॉल संघ के सचिव विजय बाली थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान फुटबॉल संघ के अध्यक्ष कर्नल मानवेंद्र सिंह राठौड़ ने की। विशिष्ट अतिथियों में हिंदुस्तान जिंक की सीएसआर हेड अनुपमा निधि, वेटरनरी विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. सुमंत व्यास, खो-खो फेडरेशन ऑफ इंग्लैंड के प्रेसिडेंट डॉ. प्रहलाद फड़ौदा, पचार ग्रुप के जितेंद्र सिंह पचार तथा राजस्थान फुटबॉल संघ महिला विंग की चेयरपर्सन रोशनी टाक उपस्थित रहीं। सभी अतिथियों का स्वागत राजस्थान फुटबॉल संघ के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने किया।

मुख्य अतिथि विजय बाली ने अपने संबोधन में कहा कि खेल प्रतियोगिताओं के साथ-साथ इस प्रकार के सम्मान समारोहों का आयोजन भी अत्यंत आवश्यक है। ऐसे आयोजनों से खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, रेफरियों एवं खेल से जुड़े सभी लोगों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है, जिससे उनके प्रदर्शन में निरंतर निखार आता है। उन्होंने राजस्थान फुटबॉल संघ की इस पहल की सराहना करते हुए इसे फुटबॉल के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

विशिष्ट अतिथि डॉ. सुमंत व्यास ने कहा कि खेल व्यक्ति के जीवन में अनुशासन, समर्पण एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी फुटबॉल खिलाड़ी रह चुके हैं और फुटबॉल उनका पसंदीदा खेल है। उन्होंने राजस्थान फुटबॉल संघ को इस सफल एवं प्रेरणादायी आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

समारोह संयोजक भैरुरतन ओझा ने बताया कि स्वर्गीय टीकमचंद स्वामी एवं स्वर्गीय चुन्नीलाल पंवार को मरणोपरांत लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित कर उनके फुटबॉल के प्रति अतुलनीय योगदान को स्मरण किया गया।

वरिष्ठ खिलाड़ी सम्मान से सरदार अली, मेघसिंह राठौड़, देवीसिंह राजवी, जसवंत सिंह, असगर अली, अमर सिंह, कल्याण सिंह, हरीश राव, विजय किशोर सिंह, भागीरथ राव, रियासत अली, विजय शंकर रावत, मोहन सिंह सोलंकी, तुलसीदास शर्मा, मालचंद मीणा, शिव शंकर जागा, कासम अली, इंद्र सिंह एवं अब्दुल मजीद को सम्मानित किया गया।

जिला फुटबॉल संघों में बीकानेर को महिला वर्ग तथा सीकर को पुरुष वर्ग में बेस्ट जिला फुटबॉल संघ का सम्मान प्रदान किया गया। वहीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के लिए कोटा, भीलवाड़ा, सीकर, अजमेर, चित्तौड़गढ़ एवं झुंझुनूं जिला फुटबॉल संघों को सम्मानित किया गया।

सहसंयोजक देवेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि प्रोफेशनल क्लब ऑफ द ईयर का अवॉर्ड राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब, क्लब ऑफ द ईयर का अवॉर्ड फुटबॉल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड तथा कंटीन्यूअस डेवलपमेंट क्लब ऑफ द ईयर का सम्मान रॉयल फुटबॉल क्लब जयपुर को प्रदान किया गया। बेस्ट डिस्ट्रिक्ट फॉर सीआरएस का सम्मान जोधपुर जिला फुटबॉल संघ को मिला।

प्लेयर ऑफ द ईयर (पुरुष) का सम्मान जयपुर के ईशान रोजारियो तथा प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) का सम्मान बीकानेर की हँसा कंवर को प्रदान किया गया।

रेफरी ऑफ द ईयर का अवॉर्ड जयपुर के रूपेंद्र सिंह राठौड़, असिस्टेंट रेफरी ऑफ द ईयर का सम्मान हनुमानगढ़ के जावेद अली चौहान तथा मोस्ट इमर्जिंग रेफरी ऑफ द ईयर का अवॉर्ड हनुमानगढ़ के जावेद जूनियर को दिया गया।

इन्फ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट के लिए पूर्णिमा यूनिवर्सिटी जयपुर, राजस्थान यूनाइटेड फुटबॉल क्लब एवं फुटबॉल क्लब ब्रदर्स यूनाइटेड को सम्मानित किया गया। मेडिकल सपोर्ट श्रेणी में सेहत हेल्थ केयर को सम्मान प्रदान किया गया।

राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर राजस्थान का गौरव बढ़ाने वाले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों मुन्नी भांभू, शुभम पुनियां, मोहम्मद कैफ तथा फुट्सल खिलाड़ी पलाश बारबर को प्राइड ऑफ स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

उदयपुर की जिंक फुटबॉल एकेडमी को वर्ष 2025-26 में बालक एवं बालिका दोनों वर्गों में बेस्ट एकेडमी ऑफ द ईयर अवॉर्ड प्रदान किया गया। टेक्निकल एक्सीलेंस अवॉर्ड राजस्थान फुटबॉल संघ के टेक्निकल डायरेक्टर सतीश जांगिड़ तथा कोच ऑफ द ईयर का सम्मान जयपुर के नरेंद्र सिंह राठौड़ को प्रदान किया गया।

समारोह में ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह, फर्स्ट इंडिया न्यूज के डायरेक्टर महिपाल सिंह राजपुरोहित, रहमत अली, अरविंद सिंह राठौड़, रणवीर सिंह राजवी ढिंगसरी, भीम सिंह भाटी, राजेंद्र सिंह राठौड़, गोविन्द सरस्वत, दिलीप बिश्नोई, दिलकांत माचरा, मदन कुमावत, प्रताप सिंह राजवी, मोहम्मद रफीक, त्रिभुवन ओझा, महावीर शर्मा, आशीष दुबे, गणेश दत्त पुरोहित, दीपेंद्र सिंह, राहुल थानवी, अरुण कल्ला, चंदन बोहरा, नारायण सुथार, श्याम कुमार हर्ष सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं गरिमामय मंच संचालन ज्योति प्रकाश रंगा ने किया, जिन्होंने अपने उत्कृष्ट संचालन से समारोह को यादगार बना दिया।

# कलेक्ट्रेट घेराव में उमड़ा जनसैलाब, प्रशासन झुका : पीबीएम सुधारो जनआंदोलन की 10 सूत्रीय मांगों पर व बोर्डर पर धार्मिक स्थल तोडने के मुद्दे पर बनी सहमति, धरना स्थगित



**बीकानेर, (खबर आस पास)।** पीबीएम अस्पताल की अव्यवस्थाओं एवं स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की मांग को लेकर देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग व शहर अध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल के संयुक्त नेतृत्व में ''पीबीएम सुधारो जनआंदोलन'' जो कि पिछले 20 दिन से चल रहा था तथा बॉर्डर एरिया में धार्मिक स्थलों को तोड़ने के सम्बन्ध में आज जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित कर्मचारी मैदान में ऐतिहासिक जनसभा आयोजित हुई। उसके बाद कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया और कलेक्टर व प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर बिन्दूवार चर्चा हुई। जिसमें सभी पीबीएम सुधार सम्बन्धित 10 सूत्रिय मांगों व बॉर्डर एरिया में धार्मिक स्थलों को तोड़ने के सम्बन्ध में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर चर्चा की। जिसमें निम्नाकिंत मांगों पर सहमति बनी-सीएम मूंधड़ा मेडिसिन विंग का दो महिने में शुरू कर दी जायेगी, वर्षो से तैयार जनाना (गायनिक) विंग में राज्य सरकार से ढाई करोड़ का बजट प्रस्ताव भेजा हुआ हैं बजट राशि मिलते ही काम शुरू होकर 31 दिसम्बर तक शुरू कर दी जायेगी, पीबीएम अस्पताल में हुए भ्रष्टाचार की निष्पक्ष जांच के लिए कमेटी बना दी गई है। कमेटी एक महिने में अपनी रिपोर्ट देगी। अगर उसमें संघर्ष समिति संतुष्ट नहीं हुई तो आईएएस अधिकारी से पुनः जांच करवाई जायेगी, अस्पताल परिसर की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, सभी आवश्यक एवं जीवनरक्षक दवाइयों की नियमित उपलब्धता, सीटी स्कैन, एमआरआई तथा अन्य आवश्यक जांचों की समयबद्ध एवं सुचारू व्यवस्था, प्रशासनिक लापरवाही के कारण बंद पड़े चिकित्सा एवं अन्य उपकरणों को तत्काल चालू करने, ड्यूटी अवधि के दौरान सभी चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने के आदेश जारी किये जा चूके हैं, चिकित्सकीय लापरवाही से प्रभावित उन प्रसूता महिलाओं को, जिनकी किडनी खराब हुई है, उनकी उचित जांच जारी हैं, रिपोर्ट आते ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कारवाई व पीड़ितों को मुआवजा दिलवाया जायेगा, मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार, अभद्रता एवं मारपीट की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने के लिए गाईड लाईन जारी की जा चूकी हैं। इसी प्रकार बॉर्डर क्षेत्र में धार्मिक स्थलों को तोड़े जाने के मुद्दे पर भी प्रशासन ने भविष्य में किसी भी कार्रवाई से पहले विधिक प्रक्रिया का पूर्ण पालन करने का भरोसा दिया, जिस पर दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी।

जिला व अस्पताल प्रशासन तथा कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल के बीच सहमती बनी उसके बाद धरना स्थिगित कर दिया गया हैं।

प्रशासन के साथ वार्ता में बिशनाराम सियाग, मदन गोपाल मेघवाल, डॉ. बी.डी.कल्ला, भंवरसिंह भाटी, सुशीला रामेश्वर डूडी, डॉ. राजेन्द्र मूण्ड, भंवर कूकणा, श्रीकृष्ण गोदारा, सत्तु खान पड़िहार, प्रहलादसिंह मार्शल, श्यामसिंह भाटी आदि शामिल रहें।

आज की जनसभा में पीसीसी चीफ गोविन्दसिंह डोटासरा, नेताप्रतिपक्ष टीकाराम जूली, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेशाध्यक्ष एम डी चौपदार व महिला प्रदेश की प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती सारीका सिंह, अनूपगढ़ विधायक और जिला प्रभारी शिमला नायक, सह प्रभारी मुस्ताक खान, पूर्व विधायक व पीसीसी महासचिव चेतन डूडी, पूर्व मंत्री बीड़ी कल्ला, पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल, पूर्व मंत्री भंवरसिंह भाटी, पूर्व विधायक मंगलाराम गोदारा, भूदान आयोग अध्यक्ष लक्ष्मण कड़वासरा, पूर्व मंत्री वीरेन्द्र बेनीवाल, विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी, विधायक पुसाराम गोदारा, विधायक अमित चाचाण, विधायक हाकम खान, पूर्व विधायक सोना बावरी, पूर्व विधायक रेवन्तराम पंवार, डॉ राजेन्द्र मूंड, यशपाल गहलोत, पूर्व सांसद भरत मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख सुशीला सिंवर, पूर्व चैयमेन मकसूद अहमद, हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष मनीष मक्कासर, नागौर जिलाध्यक्ष हनुमान बांगड़ा, शिवलाल गोदारा, गजेन्द्रसिंह सांखला, श्रीकृष्ण गोदारा, कॉमरेड हनुमान चौधरी, शान्ति बेनिवाल, डॉ. प्रीति मेघवाल, सिताराम नायक, राजेन्द्र बापेऊ, जियाउर रहमान, सत्तु खान पड़िहार, अकबर खादी, श्यामसिंह भाटी, हेमन्त यादव, साजिद सुलेमानी, रायसिंह गोदारा सहित हजारों की तादाद में कांग्रेसजन शामिल रहें।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक संपादक सत्येन्द्र राजवंशी के लिए शारदा ऑफसेट, मुख्य डाकघर के पास, कुचिलपुरा, गजनेर रोड, बीकानेर, राजस्थान से मुद्रित एवं वार्ड नं. 01, गोदारा बास, मोमासर, बीकानेर, राजस्थान से प्रकाशित I संपादक- सत्येन्द्र राजवंशी मो. 95875 70001